STEP UP SCHOOL

SUS/अक्टूबर/23-24/21 दिनांक: 25.10.23

विषय: वाद-विवाद प्रतियोगिता हेतु सूचना

प्रिय अभिभावक,

सादर अभिवादन।

हमें आप सभी को यह सूचित करते हुए अत्यंत हर्ष का अनुभव हो रहा है कि हमारे विद्यालय में दिनांक 30/10/2023 को कक्षा 6 से 8 तक के सभी छात्रों के लिए एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता को आयोजित करने का उद्देश्य न केवल छात्रों की तार्किक क्षमता का विकास, स्वतंत्र विचाराभिव्यक्ति तथा सार्वजनिक वक्तव्य आदि गतिविधियों को बढ़ावा देना है अपितु उनके आत्मविश्वास को सुदृढ़ बनाना भी है।

वाद-विवाद प्रतियोगिता का विवरण इस प्रकार है-

प्रतियोगिता की तारीख	भाषा	कक्षा	प्रतियोगिता हेतु प्रदत विषय
30/10/2023	हिंदी	VI अ	इंटरनेट मित्र अथवा शत्रु
30/10/2023	हिंदी	VI ब	जानवरों को चिड़ियाघर में रखना सही या नहीं
30/10/2023	हिंदी	VII	खेलों में भाग लेना समय की बर्बादी है – पक्ष या विपक्ष
30/10/2023	हिंदी	VIII	ऑनलाइन स्मार्ट कक्षाएँ ही भविष्य हैं – पक्ष या विपक्ष

नियम एवं दिशा-निर्देश-

1. प्रतिभागी व्यक्तिगत रूप से प्रतिस्पर्धा करेंगे।
2. वाद-विवाद प्रतियोगिता की भाषा हिंदी होगी।
3. प्रत्येक प्रतिभागी को अपने तर्क प्रस्तुत करने के लिए अधिकतम 3 मिनट की अवधि दी जाएगी।
4. इस प्रतियोगिता के दो चरण होंगे। पहला इंट्राक्लास और दूसरा इंटरक्लास।
5. प्रतियोगिता के अंतिम चरण का विषय पहले से नहीं बल्कि प्रतियोगिता के दौरान ही दिया जाएगा। विजेताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएँगे।
6. प्रतिभागियों से प्रतिस्पर्धा के दौरान एक दूसरे के प्रति सम्मान और खेल-भावना का प्रदर्शन अपेक्षित है ।

अभिभावकों से विशेष अनुरोध है कि वह इस प्रतियोगिता को सफल बनाने हेतु अपने बच्चों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ-साथ उन्हें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

भवदीय

स्टेप अप स्कूल